Daily Current Affairs 22 November 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 19 नवंबर को मनाया गया विश्व शौचालय दिवस
• लोगों को स्वस्थ रखने और स्थायी स्वच्छता के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रतिवर्ष 19 नवंबर को विश्व शौचालय दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2022 की थीम "अदृश्य को दृश्य बनाना" (Making the invisible visible) है। विश्व शौचालय दिवस वर्ष 2013 से प्रतिवर्ष मनाया जाता है।इसका उद्देश्य वैश्विक स्वच्छता संकट से निपटने और सतत् विकास लक्ष्य (SDG) 6: 2030 तक सभी के लिये स्वच्छता और जल हासिल करने हेतु कार्रवाई करने के बारे में है।

2. मनिका बत्रा एशियाई कप टेबल टेनिस टूर्नामेंट में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं
• मनिका बत्रा एशियाई कप टेबल टेनिस टूर्नामेंट में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं। उन्होंने 19 नवंबर 2022 को थाईलैंड के बैंकॉक में महिला एकल कांस्य पदक मैच में दुनिया की नंबर 6 जापान की हिना हयाता को हराया। वह एशिया कप टेबल टेनिस में पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बनीं। उनसे पहले चेतन बबूर ने 1997 में रजत और 2000 में कांस्य पदक जीता था।
• तीन दिवसीय प्रतियोगिता (17-19 नवंबर) का आयोजन इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन और एशियन टेबल टेनिस यूनियन द्वारा बैंकॉक, थाईलैंड के हुआमार्क इंडोर स्टेडियम में किया गया था। एशिया कप टेबल टेनिस एक वार्षिक टूर्नामेंट है जो 1983 से आयोजित किया जा रहा है। 2020 और 2021 संस्करण कोविड-19 के कारण आयोजित नहीं किए गए थे।

3. मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को नेपाल के आगामी चुनावों के लिए अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर आमंत्रित किया गया
• नेपाल के चुनाव आयोग ने आगामी प्रतिनिधि सभा और प्रांतीय विधानसभा चुनाव के लिये भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार को अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षक के रूप में आमंत्रित किया है। नेपाल में प्रतिनिधि सभा के 275 सदस्यों और सात प्रांतीय विधानसभाओं की 550 सीटों के लिये 20 नवंबर को चुनाव होंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त 18 से 22 नवंबर तक नेपाल में आमंत्रित निर्वाचन अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

4. नागपुर में किया गया भारतीय वायु सेना का एयर फेस्ट 2022 का आयोजन
• 19 नवंबर, 2022 को भारतीय वायु सेना के वार्षिक शो 'एयर फेस्ट 2022' वायु सेना नगर, नागपुर में आयोजित किया गया। एयर फेस्ट का आयोजन आजादी का अमृत महोत्सव के एक भाग के रूप में किया गया है। एयर फेस्ट का उद्देश्य भारतीय वायु सेना के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करना और नागपुर के युवाओं को एक रोमांचक करियर के लिए भारतीय वायु सेना को चुनने के लिए प्रेरित करना है।

5. कतर में शुरू हुआ 22वाँ फीफा विश्व कप
• 20 नवंबर से 18 दिसंबर, 2022 तक कतर में 22वाँ फीफा पुरुष विश्व कप आयोजित किया जा रहा है। यह पहली बार है जब कोई अरब देश टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। यह 2002 के विश्व कप के बाद एशिया में आयोजित होने वाला दूसरा विश्व कप है जिसकी मेजबानी जापान और दक्षिण कोरिया ने संयुक्त रूप से की थी। इस वर्ल्ड कप में कुल 32 टीमें हिस्सा लेंगी। लाईब (La'eeb) विश्व कप का आधिकारिक शुभंकर है। यह कीफियेह से प्रेरित है, जो अरब पुरुषों द्वारा पहना जाने वाला एक पारंपरिक हेडड्रेस है।

6. त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने 'अमर सरकार' पोर्टल किया लॉन्च

Resultuniraj.co.in

Daily Current Affairs 22 November 2022

• हाल ही में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने 'अमर सरकार' पोर्टल लॉन्च किया है। त्रिपुरा सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है कि सभी केंद्र और राज्य प्रायोजित योजनाएं हर दरवाजे तक पहुंचें और लोगों और सरकार के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने के लिए यह एक नया लॉन्च किया है। वेब पोर्टल में पंचायत विभाग सहित कुल 78 विभागों को शामिल किया गया है। पोर्टल लोगों को ग्राम समिति के अधिकारियों के माध्यम से अपनी समस्याओं और शिकायतों को दर्ज करने में मदद करेगा।

7. रिटायर्ड IAS अरुण गोयल बने नये निर्वाचन आयुक्त

• 19 नवंबर, 2022 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) के सेवानिवृत्त अधिकारी अरुण गोयल को निर्वाचन आयोग में निर्वाचन आयुक्त के रूप में नियुक्त किया। यह नियुक्ति श्री गोयल की ओर से पदभार ग्रहण करने की तारीख से प्रभावी होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के बाद गोयल की नियुक्ति इस पद के लिए की गयी।

• वर्ष 1985 बैच के पंजाब कैडर के अधिकारी रहे गोयल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडेय के साथ निर्वाचन आयोग का हिस्सा होंगे। सुशील चंद्र मुख्य चुनाव आयुक्त के पद से मई में सेवानिवृत्त हुए थे। उनके स्थान पर राजीव कुमार नये मुख्य चुनाव आयुक्त बने।

8. गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हुई ओडिशा की बालीयात्रा

• ओडिशा के कटक की बालीयात्रा ने 35 मिनट में 22,000 कागज की नाव बनाने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। 22 स्कूलों के 2,100 से अधिक छात्रों ने कागज की नाव बनाकर बाराबती स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में यह विश्व रिकॉर्ड बनाया है। कटक जिला प्रशासन और कटक नगर निगम ने कई अन्य सरकारी संस्थाओं के सहयोग से बालीयात्रा का आयोजन किया। महानदी नदी के किनारे लगने वाले खुले मेले में कटक और आसपास के जिलों के लाखों लोगों ने हिस्सा लिया।

9. गांधी मंडेला फाउंडेशन ने दलाई लामा को शांति पुरस्कार से किया सम्मानित

• 19 नवंबर, 2022 को तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा को गांधी मंडेला फाउंडेशन द्वारा 'शांति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। धर्मगुरु का चयन वर्ष 2020 में हुआ था लेकिन कोविड महामारी के कारण उन्हें यह पुरस्कार नहीं दिया जा सका। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा दलाई लामा को पुरस्कार प्रदान किया गया।

• मैक्लोडगंज में गांधी मंडेला फाउंडेशन द्वारा आयोजित समारोह में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर, दलाई लामा और भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश के जी बालकृष्णन भी उपस्थित थे। राज्यपाल अर्लेकर ने एक समारोह में दलाई लामा को पुरस्कार प्रदान किया।

10. ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने यूके-इंडिया यंग प्रोफेशनल्स स्कीम की घोषणा की

• हाल ही में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बाली, इंडोनेशिया में आयोजित G20 शिखर सम्मेलन के दौरान यूके-इंडिया यंग प्रोफेशनल्स स्कीम की घोषणा है। इसके तहत 18 से 30 वर्ष की आयु के बीच के 3,000 डिग्री धारक भारतीय नागरिकों को हर साल दो साल तक रहने और काम करने के लिए ब्रिटेन आने की अनुमति दी जाएगी।

Resultuniraj.co.in